# जय हिंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ा का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**बाबैन, 17 अप्रैल ( राजेश कुमार ) :** जय हिंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ा का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने अभिभावकों बल्कि पूरे विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रबन्धक ऊषा सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र नैतिक कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।




वहीं, यश सोनी ने 84 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा खुशी सैनी ने 81 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार में इन उत्कृष्ट परिणामों को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रिंसिपल कविता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधक उषा सैनी ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी छात्र इसी प्रकार मेहनत और लगन से सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

# एलटीटीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार रिजल्ट, 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम, भार्गव ने किया टॉप

**घरौंडा, 17 अप्रैल ( सतीश कुमार पंडित ) :** सीबीएसई द्वारा 15 अप्रैल 2026 को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एलटीटीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया और छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। इस वर्ष भी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं में भार्गव ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम



स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्तिशा ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, मिषिका ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं मुदित ने 91 प्रतिशत और आकाश ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल गुप्ता और डायरेक्टर मनीष गुप्ता ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन और अनुशासन का प्रतीक है। प्रिंसिपल मीनल ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी छात्र इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

# पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए अधिकारियों को करना होगा निर्धारित समय में लक्ष्य को पूरा : विश्राम कुमार मीणा



**कुरुक्षेत्र, 17 अप्रैल ( करणदीप सिंह ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला में बारिश के पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए सभी अधिकारियों को साझे प्रयास करने होंगे और निर्धारित समय अवधि में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना होगा। इस जिले में सरकारी विभागों के कार्यालयों पर तथा निजी घरों की छतों पर वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने के प्रति जागरूकता लानी होगी।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जल संरक्षण को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मनीष बब्बर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लक्ष्यों और किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को गंभीरता के साथ काम करना होगा। इस विषय को लेकर कुछ अधिकारी पूरी तरह गंभीर नहीं हैं। उन्होंने मीटिंग में बिना बताए गैर हाजिर रहने पर 4 अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी सोमवार को सायं 5 बजे पूरी रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत होंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि डी-प्लान से भी जल संरक्षण को लेकर कार्य किया जा सकता है। इस जिले में 187 कार्यों में से 58 कार्य चल रहे हैं, इस जिले में परंपरागत वाटर बॉडिज को लेकर भी 74 कार्यों पर काम किया जा रहा है। इन कार्यों पर अभी तक 33 लाख रुपए का बजट खर्च किया जा चुका है, जिले में रियूज व रिचार्ज स्ट्रक्चर को लेकर 90 विकास कार्य चल रहे हैं। इस विषय को लेकर सभी विभागों को लक्ष्य दिए गए हैं।

इसलिए अधिकारी समय रहते अपने लक्ष्यों को पूरा करें और प्रगति रिपोर्ट को फोटो सहित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र चौधरी, कृषि विभाग के एसडीओ जितेंद्र मेहता, सिंचाई विभाग के एक्सईएन मनीष बब्बर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को प्रशासन अलर्ट, विशेष टीमें तैनात

**कैथल, 17 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह समारोहों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर अंकुश लगाने के लिए डीसी अपराजिता के निर्देशानुसार महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग ने विशेष रणनीति तैयार कर ली है।

जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जिले में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है और विशेष रूप से अक्षय तृतीया के दिन कोई मामला सामने नहीं आया है। बावजूद इसके, प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इस दिन आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, क्योंकि ऐसे आयोजनों में बाल विवाह की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गठित विशेष टीमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगी और विवाह स्थलों पर जाकर वर-वधू की आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच करेंगी। यदि जांच के दौरान लड़के की आयु 21 वर्ष से कम या लड़की की आयु 18 वर्ष से कम पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में अब पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

**धार्मिक स्थलों पर जाकर किया जा रहा जागरूक :** बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से विभाग की टीमें 'बाल कल्याण समिति' और 'एडीडी ऑफ इंडिया' एनजीओ के सहयोग से मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों में जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। धर्मगुरुओं और आमजन से अपील की जा रही है कि विवाह संपन्न कराने से पहले वर-वधू की आयु संबंधी प्रमाण पत्र अवश्य जांचें।

**यहां दे बाल विवाह की सूचना :** जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 181, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्डलाइन 1098 या जिला प्रशासन के लैंडलाइन नंबर 01746-235130 पर सूचना देने के लिए कहा गया है।

# डिवाइन पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहाबाद मारकंडा, 17 अप्रैल ( रूबी ) :** सरकार के निर्देशानुसार चल रहे जल पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज डिवाइन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष गतिविधियों और शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों ने विद्यार्थियों को जल की उपयोगिताए जल के बढ़ते संकट तथा जल बचाने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि जल ही जीवन



है और हमें अपने दैनिक जीवन में पानी का सही उपयोग करना चाहिए तथा व्यर्थ पानी बहाने से बचना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या राजिन्द्र खुब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम जल का सही उपयोग नहीं करेंगे तो जल का स्तर लगातार गिरता जाएगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं रहेगा। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि जल संरक्षण को अपनी आदत बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण विषय पर भाषण, पोस्टर.निर्माण और चर्चा गतिविधियाँ भी करवाई गईं। जिनके माध्यम से बच्चों ने जल बचाने का संदेश दिया। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वह स्वयं भी जल की बचत करेंगे और समाज में अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। ताकि वह भविष्य में जल संरक्षण के महत्व को समझें और उसका पालन करें।

# कांग्रेस ने नरवाना फायर कर्मचारियों के आंदोलन को दिया समर्थन




**नरवाना, 17 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की चल रही हड़ताल को आज उस समय बड़ा समर्थन मिला जब नरवाना विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन धरनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को पूरी तरह जायज बताते हुए सरकार से जल्द समाधान निकालने की अपील की। सतबीर दबलैन ने कहा कि फायर कर्मचारी दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सुरक्षा करते हैं ऐसे में उनकी अनदेखी करना उचित नहीं है।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा। इस मौके पर फायर कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक नरवाना प्रधान राजा सिंह गुरथली ने बताया कि हड़ताल का आज 10वां दिन है लेकिन सरकार का रवैया अब भी उपेक्षात्मक बना हुआ है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक हड़ताल अनिश्चितकालीन जारी रहेगी।धरने को समर्थन देने के लिए सर्व कर्मचारी संघ नरवाना के ब्लॉक प्रधान विक्रम संधु, सचिव सुनील नैन, पब्लिक हेल्थ विभाग से अश्वनी कुमार और मनदीप सिंह भी पहुंचे और कर्मचारियों के साथ एकजुटता दिखाई।यूनियन नेताओं ने 16 फरवरी को फरीदाबाद में हुए भीषण अग्निकांड का जिक्र करते हुए बताया कि इस हादसे में दो फायर कर्मियों भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह ने अपनी जान गंवाई थी। उन्होंने शहीद कर्मचारियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, एक सदस्य को पक्की नौकरी और शहीद का दर्जा देने की मांग दोहराई। इसके अलावा यूनियन की प्रमुख मांगों में ठेका प्रथा खत्म करना, कौशल रोजगार निगम व अन्य कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, न्यूनतम वेतन 30,000 रुपये करना, समान काम के लिए समान वेतन लागू करना, पुरानी पेंशन योजना बहाल करना और आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार नए पदों पर भर्ती करना शामिल है। धरने पर राममेहर, सुरेश कुमार, कमलजीत, सुभाष चंद, अंग्रेज सिंह, पवन कुमार, विरेन्द्र सिंह, जयभगवान, शम्मी, प्रदीप कुमार, सुरेन्द्र, सोहन लाल, प्रवीन कुमार, विनोद सैनी, आकाशदीप, कपिल सहित अनेक फायर कर्मचारी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के तहत जागरुकता पदयात्रा का आयोजन

***महिलाओं का सशक्तिकरण ही एक विकसित और प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला है : डॉ. वंदना गुप्ता***




**लाडवा, 17 अप्रैल ( राम गोपाल ) :** महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, समानता तथा उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। पदयात्रा का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां और बैनर लिए छात्राओं ने शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आमजन को महिला अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूक किया। नारी सम्मान, देश का मान और समान अधिकार, सबका अधिकार जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस दौरान छात्राओं ने लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की विशेषताओं और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

पदयात्रा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही एक विकसित और प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पदयात्राएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति सजग रहने और सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा यह संकल्प लिया कि वे समाज में व्याप्त भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह पदयात्रा नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई और समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित

**इन्द्री, 17 अप्रैल ( बिशपाल राणा ) :** एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, बिजली निगम, पशुपालन विभाग व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड में रहकर निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गांवों में समय-समय पर पेट्रोलिंग करें ताकि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबन्ध लग सके। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिये



सेटेलाइट तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। हरसेक हरियाणा की मदद से खेतों की निगरानी शुरू कर दी गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में गेहूं की फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका समुचित प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है तथा फसल अवशेष जलाने से पैदावार पर भी असर पड़ता और उत्पादन लागत अधिक व आमदनी कम हो जाती है। फसल अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है। फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। बैठक में खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी काम्बोज ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम कम होने के साथ-साथ भूमि की उपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक कीट नष्ट हो जाते है। इसके साथ-साथ हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को मिट्टी में दबाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और फसल की पैदावार में भी बढोतरी होती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना का दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 तथा सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्ड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि दो एकड़ तक 5 हजार, 5 एकड़ तक 10 हजार तथा 5 एकड़ से अधिक पर 30 हजार रुपये तक जुर्माना हो सकता है। इसके साथ ही सम्बन्धित किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेंड एंट्री की जाएगी जिससे वह अगले दो सीजन तक एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाएगा। उन्होंने बताया कि इन्द्री खंड में फसल अवशेष प्रबन्धन के लिये विशेष टीमें गठित की गई हैं, इसमें लगभग 170 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बैठक में नायब तहसीलदार गौरव, बीडीपीओ गुरमलक सिंह, खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी काम्बोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली का आधार : डॉ. शकुंतला दहिया

**कैथल, 17 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत जिला नागरिक अस्पताल, कैथल में जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने की। डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव,



चिंता, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों में लाभ मिलता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आयुष योग सहायकों को च्मानक योग प्रोटोकॉलज् के अनुसार प्रशिक्षित करना रहा, ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। शिविर में योग विशेषज्ञ एच.एस. हुड्डा ने प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

इसमें ताड़ासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मंडूकासन, भुजंगासन, मकरासन, पवनमुक्तासन एवं उत्तानपादासन जैसे आसनों के साथ-साथ शीतली, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही ध्यान की विधियों की भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रत्येक आसन और प्राणायाम की सही तकनीक, उससे होने वाले लाभ तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

शिविर में आयुष योग सहायकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने भविष्य में योग के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# जिला में 6.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**करनाल, 17 अप्रैल ( मीनाक्षी देवी ) :** जिला की मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे, जिनका समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। डी.सी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस तक जिला में करीब 6 लाख 40 हजार मीट्रिक टन की आवक विभिन्न खरीद केंद्रों व मंडियों में हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 499242 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 194827 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 238542 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 65873 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने बताया कि जिला में गेहूं की फसल की बिक्री के दौरान किसानों को आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए जिला राजस्व कार्यालय (डीआरओ) में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके साथ ही गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने और किसानों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2267271 व 0184-2980735 जारी किए गए हैं। यह हेल्पलाइन सेवा रोजाना प्रात: 6 से रात्रि 8 बजे तक क्रियाशील रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टर में ही गेहूं मंडियों में लेकर आएं। यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसान ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी होगी।

# बैसाखी के मौके कवि मेले में नेशनल ट्राईलिंगुअल मुशायरा सफल एवं यादगार रहा



अमृतसर/गुरदासपुर,- **17 अप्रैल (अमरजीत सिंह)** -वर्ल्ड हेरिटेज एकेडमी (USA, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंडिया, दुबई, जर्मन, **UK**) के चेयरमैन, नेशनल अवॉर्डी डॉ. परमजीत सिंह कलसी ने वर्ल्ड पंजाबी सभा कनाडा (रजि.) की इंडियन ब्रांच के प्रेसिडेंट सतबीर सिंह और इंटरनेशनल कल्चरल फोरम की नेशनल प्रेसिडेंट बलविंदर कौर पंडोरी के सपोर्ट से, अमीरा फार्म, एयरपोर्ट रोड, अमृतसर में एक ट्राई-लिंगुअल (पंजाबी, हिंदी, उर्दू) नेशनल लेवल का मुशायरा ऑर्गनाइज़ किया। इसमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के युवक सेवाएं विभाग के डायरेक्टर डॉ. अमनदीप सिंह और शिरोमणि पंजाबी कवि डॉ. रविंदर मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल हुए, जबकि डॉ. कुलबीर सिंह सूरी, समाज सेवक सतबीर सिंह, मैनेजर अतर सिंह गजलगो, डॉ. सरवन सिंह विद्वान व आलोचक, कहानीकार दविंदर दीदार, फिल्म एक्टर अरविंदर भट्टी, जिला शिक्षा अधिकारी व कवि हरपाल सिंह संधावालिया स्टेट अवार्डी, समाज सेवक राजिंदर शर्मा और इंटरनेशनल कल्चरल फोरम की जनरल सेक्रेटरी महकप्रीत सिंह विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। जिला भाषा अधिकारी (एसए) गुरदासपुर व अमृतसर डॉ. परमजीत सिंह कलसी नेशनल अवार्डी ने इस राष्ट्रीय मीटिंग की अध्यक्षता व सरपरस्ती की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सतबीर सिंह ने आए हुए कवियों व विद्वानों का स्वागत किया, जबकि डॉ. कलसी ने समारोह का अवलोकन करवाकर औपचारिक तौर पर शुरुआत की। आरंभ में गुरजैपाल सिंह एस. डी. ओ. की प्रथम पुस्तक 'मौत के गीत' तथा डॉ. गुरचरण गांधी की पत्रिका 'सूही सोवर' के काव्य का मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों तथा चेयरमैनी मंडल द्वारा प्रचार किया गया। तत्पश्चात आधुनिक पंजाबी कविता के क्षेत्र में बहुमूल्य उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध कवि देविंदर सैफी को 'पंजाबी कविता रतन अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बहुमुखी उपलब्धियों के लिए डॉ. अंचल अरोड़ा (सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय) को 'रतन-ए-पंजाब (विरासत) अवार्ड' तथा प्रख्यात विद्वान एवं आलोचक डॉ. गुरवंत सिंह को 'पंजाबी आलोचना रतन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवियन थिकन गजलगो कमलजीत सिंह कमल, प्रिं. अवतार सिंह सिद्धू, डॉ. गुरचरण गांधी, जसबीर सिंह झबल, गजलगो मैनेजर अत्तर सिंह, डॉ. सरवन सिंह, कर्नल सिंह असपाल (हरियाणा), डॉ. रूबी आरा (जे.के.), राम सिंह (हिमाचल), देविंदर सैफी (फरीदकोट), डॉ. गुरकिरपाल सिंह काहलों, दुग्गल गुलाटी (दिल्ली), हर सिंह संधावालिया स्टेट पाली अवार्ड (तरन तारन), एस. प्रशोत्तम सिंह (अमृतसर), जर्भभैजन (पुर्तगाल), हरजीत कौर बमराह (कनाडा), रमेश जानू, डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. रमनदीप सिंह दीप (गुरदासपुर), डॉ. सैली बलजीत (पठानकोट), अशोक हस्तीर उर्दू गजलगो, राजबीर कौर ग्रेवाल, हरप्रीत कौर मीत, धरमिंदर औलाख, मक्खन भगतनीवाला, अशोक, भूपिंदर सिंह, सतिंदर सिंह ओठी, जसवंत धाप, पंथक कवि कुलदीप सिंह दरजके, जोती भगत, विजय अग्निहोत्री, सुच्चा सिंह कामरेड, डॉ. रीवा दरिया, डॉ. प्रभजोत कौर, भूपिंदर सिंह संधू, गुरजैपाल सिंह बटालवी, डॉ. जसविंदर कौर, जतिंदर ग्रोवर, डॉ. आत्मा सिंह गिल, कंवलजीत कौर, गुरजीत कौर अजनाला, कुलदीप सिंह कंगड़ा, बूटा राम आजाद, डॉ. पूर्णिमा रॉय, सूफी गायक राज जन्नत आदि मौजूद रहे।

## छोटे भाई ने बड़े को बेहरमी से उतारा मौत के घाट

धनौला/बरनाला 17 अप्रैल (निस) थाना धनौला के अंतर्गत आते गांव बडबर में आज सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां आपसी विवाद के चलते एक कलयुगी छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक मनजिंदर सिंह (50) पुत्र जीत सिंह सुबह करीब 7=40 बजे अपने मजदूर सोनी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कम्बाइन के बारे में पूछने के लिए जा रहे थे। अभी वे घर से थोड़ी ही दूर पहुंचे थे कि पीछे से उनके छोटे भाई सुखविंदर सिंह ने अपने स्वराज 855 ट्रैक्टर के साथ उन पर हमला कर दिया। मृतक की पत्नी परमजीत कौर ने रोते हुए बताया कि सुखविंदर सिंह ने जानबूझकर पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मारी।

# भगवंत सिंह मान कीसरकार सभी वादे पूरी करने वाली पहली सरकार, शिक्षा क्रांति के साथ बदला पंजाब-कुलवंत सिंह



मोहाली 17 अप्रैल (निस) भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान, भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल जी द्वारा जनता की अदालत में जो वादे और गारंटी दी गई थी, उन्हें पूरा किया गया है। विधायक कुलवंत सिंह ने यह बात गांव बाकरपुर में कही। विधायक कुलवंत सिंह गांव बाकरपुर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 9.50 लाख रुपये की लागत से बने कमरे का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार द्वारा लाई गई शिक्षा क्रांति के कारण, आज पूरे पंजाब में माता-पिता अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने की पहल कर रहे हैं और आगे चलकर छात्रों के माता-पिता खुश और संतुष्ट महसूस करेंगे कि उन्होंने अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाया है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार ने पूरे पंजाब में बड़ी संख्या में मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं, जहां से हर दिन लाखों मरीज़ एक्सपर्ट डॉक्टरों से अपना चेकअप करवाते हैं और इन मोहल्ला क्लीनिक में मरीज़ों को मुफ्त दवाइयां और टेस्ट भी मुफ़्त दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार ने अपने वादे के मुताबिक महिलाओं के लिए 1000 और 1500 की स्कीम शुरू की। इसके अलावा स्कूलों को ज़रूरी स्टाफ़, टीचर और सामान भी उपलब्ध करवाया गया। अब सरकारी स्कूलों के टीचर, जो पहले से ही प्राइवेट स्कूलों के टीचरों से ज़्यादा पढ़े-लिखे हैं, उनमें आम आदमी पार्टी सरकार ने और जोश भर दिया है। उन्होंने कहा कि गांव बाकरपुर के इस स्कूल की बिल्डिंग को जल्द ही नया डिज़ाइन देकर नई बिल्डिंग में बदला जाएगा। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि शिक्षा क्रांति की वजह से पंजाब के स्कूलों का लुक पहले के मुकाबले बदल गया है, क्योंकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने खुद स्कूलों और कॉलेजों का दौरा किया और वहां के स्टूडेंट्स और स्टाफ से बातचीत की और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में जो भी ज़रूरतें थीं, उन्हें समय पर पूरा किया गया, और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में स्टूडेंट्स के लिए माहौल बनाया गया, और वह दिन दूर नहीं जब सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले हायर एजुकेशन में सबसे आगे होंगे। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर - गिन्नी दुग्गल, प्रिंसिपल सुनीता रानी, डॉ. कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन में हंगामा, घंटों इंतजार के बाद भी मायूस लौटे लोग

लुधियाना 17 अप्रैल (निस) अमरनाथ यात्रा के लिए बायोमैट्रिक रजिस्ट्रेशन को लेकर **PNB** बैंक शाखा (कैलाश चौक) के बाहर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने फॉर्म करवाने पहुंचे, लेकिन सीमित संख्या के कारण कई लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि वे सुबह 5 बजे से ही लाइन में खड़े हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जो पहले ही अपना मेडिकल करवाकर बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूरी करने के लिए पहुंचे हैं। बावजूद इसके, उनके फॉर्म स्वीकार नहीं किए जा रहे, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। श्रद्धालुओं का यह भी कहना है कि अगर उनके फॉर्म एक-दो दिन बाद भी किए जाएं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन छोटे बच्चों और परिवारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके साथ ही कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि दूसरी तरफ मुख्य गेट के पास पैसे लेकर फॉर्म भरने की बातें सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में असंतोष और बढ़ गया है।

## हरपाल सिंह चीमा द्वारा मृतक पी.आर.टी.सी. कंडक्टर के परिवार को 40 लाख रुपये का बीमा चेक भेंट

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (निस)पंजाब के वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (पी.आर.टी.सी.) के दिवंगत कंडक्टर रमनदीप सिंह के परिवार के साथ गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें 40 लाख रुपये का बीमा चेक भेंट किया। रमनदीप सिंह ने ड्यूटी के दौरान दुखद रूप से अपनी जान गंवा दी थी। जिला श्री मुक्तसर साहिब के गांव घुमियारा के निवासी रमनदीप सिंह 2 जनवरी 2017 को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से पी.आर.टी.सी. में कंडक्टर के रूप में भर्ती हुए थे। इस अवसर पर मंत्री द्वारा मृतक के पिता प्रगट सिंह को यह चेक सौंपा गया। इस दौरान,परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह मुआवजा पी.आर.टी.सी. और पंजाब एंड सिंध बैंक के बीच हुए बीमा समझौते के तहत निर्धारित कॉर्पोरेट बीमा शर्तों के अनुसार प्रदान किया गया है, जिसका उद्देश्य शोकग्रस्त परिवार को आर्थिक सहायता देना है।उन्होंने यह भी दोहराया कि भगवंत मान सरकार अप्रत्याशित कार्यस्थल हादसों के मद्देनज़र अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस मौके पर पी.आर.टी.सी. के चेयरमैन हरपाल जुनेजा, मैनेजिंग डायरेक्टर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल तथा पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे और उन्होंने परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की।



## संशोधन विधेयक गिरा

**पृष्ठ एक का शेष** ...का महिला आरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि भारत के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है जो एक ''शर्मनाक कृत्य'' है। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार द्वारा जाति जनगणना को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष मिलकर सरकार के इस प्रयास को विफल करने जा रहा है।'' उनका कहना था, ''कुछ सच्चाई यह सदन में बताने की जरूरत है। यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं है, इसका महिलाओं के सशक्तीकरण से कुछ लेनादेना नहीं है। 2023 में जो पारित हुआ था वो महिला आरक्षण विधेयक था।'' लोकसभा में शुक्रवार को उस समय हल्के-फुल्के क्षण देखने को मिले जब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मजाकिया लहजे में कहा कि ''कानून मंत्री ने कल सदन में पत्नी को समर्पित कविता पढ़ी, जिसके बाद मुझे घर में बहुत डांट पड़ी।'' वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयकों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पीसी सरकार का 'मैजिक शो' या ''माइकल जैक्सन के डांस'' जैसा था। जब जातिगत जनगणना पर अपनी बात रख रहे थे, उसी दौरान उनकी समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव के साथ उनकी नोकझोंक हुई।

## पंजाब में केबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी ....

**पृष्ठ एक का शेष** ... एक्स पर राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने लिखा, रहमान डकैत के सभी साथियों के नंबर भी आएंगे। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और गर्मा गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर सियासी टकराव और बढ़ सकता है। इस ब्यान को श्ष्ठ की रेड के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। शुक्रवार सुबह ईडी की टीमों ने लुधियाना में संजीव अरोड़ा के आवास समेत उनसे जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। इस कार्रवाई से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आवास के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी तरह का बाहरी हस्तक्षेप न हो सके। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक पुराने मामले और जमीन सौदों में कथित अनियमितताओं के संबंध में की जा रही है। फिलहाल ईडी की जांच जारी है और आने वाले समय में इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## सुरक्षा को लेकर केंद्र ने राज्यों को जारी किया नया फरमान

मोहाली 17 अप्रैल (निस) (एमएचए) ने केंद्रीय एजेंसियों से परामर्श के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत राघव चड्ढा को पंजाब और दिल्ली में "' श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी, जबकि देश के अन्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उन्हें 'जेड' श्रेणी का सुरक्षा कवर मिलेगा। गृह मंत्रालय की ओर से इस संबंध में पंजाब सरकार, दिल्ली पुलिस और अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र जारी कर नई सुरक्षा व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, ताकि सांसद की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

जिक्रयोग्य है कि हाल ही में पंजाब की 'आप' सरकार ने राघव चड्ढा की राज्यस्तरीय सुरक्षा वापस ले ली थी। इससे पहले, जब वह पंजाब से राज्यसभा सदस्य चुने गए थे, तब उन्हें राज्य सरकार की ओर से उच्च स्तर की जेड प्लस सुरक्षा दी गई थी।

## चोरों का तांडव, दो गुरुद्वारों के गोलक तोड़ नकदी पर किया हाथ साफ

लुधियाना 17 अप्रैल (निस) थाना फोकल प्वाइंट के अंतर्गत आते चंडीगढ़ रोड स्थित गांव जंडियाली में बीती रात चोरों ने दो गुरुद्वारों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने आधी रात को गुरुद्वारा मंजी साहिब और गुरुद्वारा श्री सचखंड साहिब के ताले तोड़कर गोलकों से नकदी उड़ा ली और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वारदात रात करीब 1=30 से 2=00 बजे के बीच हुई। चोरों ने बड़ी सफाई से दोनों गुरुद्वारों के भीतर प्रवेश किया और गोलक तोड़कर लगभग 30 से 35 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ जब गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरदेव सिंह रोजाना की तरह सुबह पाठ करने के लिए पहुंचे। जैसे ही उन्होंने गोलक टूटा हुआ देखा, उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत गुरुद्वारा साहिब के लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर ग्रामीणों को सूचित किया, जिसके बाद देखते ही देखते वहां भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसी तरह गुरुद्वारा श्री सचखंड साहिब के ग्रंथी ने भी चोरी की जानकारी सांझा की।

इलाके में भारी रोष, पुलिस जांच में जुटी ; -धार्मिक स्थलों पर हुई इस चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष और चिंता का माहौल है। सूचना मिलते ही थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में लगे ष्टष्टञ्ङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## ई-रिक्शा महिला चालक का कारनामा, वृद्ध ने बहादुरी दिखाते बचाई अपनी जान

बठिंडा 17 अप्रैल (निस) स्थानीय संतपुरा रोड पर एक ई-रिक्शा चालक महिला ने एक दिव्यांग वृद्ध से 7 हजार की नकदी छीन ली। इस दौरान जब महिला ऑटो लेकर फरार होने लगी तो हड़बड़ी में ऑटो पलट गया जिससे उक्त वृद्ध भी जख्मी हो गया। इस दौरान लोग एकत्र हो गए व महिला चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं घायल वृद्ध को सहारा जनसेवा के वर्करों ने सिविल अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी देते घायल वृद्ध परमजीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी भगता ने बताया कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हाजीरतन से बाहर निकला था। सड़क पर जा रही ई-रिक्शा की महिला चालक ने उसे जाने के लिए पूछा तो उसने बताया कि वह बैंक से लोन के बारे पता करने गया था। महिला चालक ने उसे लालच दिया कि वह उसे सस्ते ब्याज पर लोन दिलवा देगी। ऐसा कहकर उसने वृद्ध को ऑटो में बिठा लिया व उसे संतपुरा रोड नहर के नजदीक ले आई। इस दौरान महिला ने ऑटो में पीछे बैठे वृद्ध से हाथापाई करते हुए जेब से 7 हजार रुपये निकाल लिए व उसे नीचे उतारने लगी।

# एवी पब्लिक स्कूल की शानदार उपलब्धि शत प्रतिशत परिणाम, छात्रों ने रचा इतिहास




फाजिल्का, 17 अप्रैल (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) ए.वी. पब्लिक स्कूल (एवीपीएस) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं सीबीएसई परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के कुल 109 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी संख्या में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस वर्ष की विशेष उपलब्धि यह रही कि अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विद्यालय की छात्रा कृतिका कंबोज ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हरित्विक सिंह ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आदित्य काठपाल ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राज कमल ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं शिवम वर्मा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। गणित विषय में कृतिका कंबोज, यश, अरमान चावला, अभिषेक मोंगा, आदित्य काठपाल, साक्षी शेरगिल, अंशित फुटेला, कृतिका, उज्वल और सानवी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

अन्य विषयों की बात करें तो हरित्विक सिंह ने अंग्रेजी और सोशल साइंस में तथा दिवांशी ने पंजाबी विषय में पूरे 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची में दिवांशी 97.2 प्रतिशत, अभिषेक मोंगा और शगुन 96.4 प्रतिशत, जसलीन कौर और शिवांश तिन्ना 96 प्रतिशत, अरमान चावला 95.8 प्रतिशत, माधव काठपाल और उज्वल 95.6 प्रतिशत, साक्षी शेरगिल 95.2 प्रतिशत, कनिका शर्मा 95 प्रतिशत, कृतिका 94.8 प्रतिशत, यश 94.2 प्रतिशत, सानवी 93.6 प्रतिशत, अदिति जैन 93.2 प्रतिशत, आनीश छाबड़ा और मुस्कान 92.8 प्रतिशत

# राजन सिंगला साल 2026-27 के लिए रोटरी क्लब सुनाम के अध्यक्ष चुने गए



फाजिल्का, 17 अप्रैल (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) =सीबीएसई, नई दिल्ली से संबद्ध होली हार्ट डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल, फाजिल्का ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में 100 प्रतिशत रिजल्ट दर्ज करके और ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।विद्यालय के होनहार छात्र वैभव अरोड़ा, सुपुत्र श्री डिंपल कुमार एवं श्रीमती शबनम, ने 500 में से 500 अंक (100प्रतिशत) प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करके फाजिल्का का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। वैभव ने नर्सरी कक्षा से ही इसी विद्यालय में अध्ययन किया है और हमेशा शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है। वैभव भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं और अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, विद्यालय एवं माता-पिता को देते हैं।विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। नवजोत ने 98.2 प्रतिशत और अश्मीन कंबोज ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 51 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए

# रिश्वत लेते स्कूल प्रिंसीपल पर विजिलेंस का शिकंजा रंगे हाथों दबोचा, दस्तावेजों को लेकर मांगी रिश्वत

लुधियाना 17 अप्रैल (निस) पंजाब में भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए विजिलेंस ब्यूरो की टीम पूरी तरह एक्शन मोड में है। ताजा मामले में लुधियाना जिले के अजीतसर मोही स्थित कैंप खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल को विजिलेंस ने रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रिंसिपल गुरमीत सिंह ने एक छात्र के भविष्य से जुड़े दस्तावेजों के बदले अपनी जेब भरने की कोशिश की, जो उसे सलाखों के पीछे ले गई।विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई मोही गांव के ही एक निवासी की शिकायत पर की गई है। शिकायतकर्ता ने कोरोना काल के दौरान 10वीं कक्षा पास की थी, लेकिन उसे लंबे समय से अपना पासिंग सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहा था। जब उसने ऑनलाइन आवेदन के बाद भी सफलता न मिलने पर स्कूल के प्रिंसिपल गुरमीत सिंह से संपर्क किया, तो प्रिंसिपल ने मदद करने की बजाय रिश्वत का दांव चल दिया। आरोपी ने सर्टिफिकेट दिलाने के नाम पर 15,800 रुपये की भारी-भरकम मांग कर दी और मौके पर ही 10,000 रुपये ऐंठ लिए। हैरानी की बात यह है कि जिस डुप्लीकेट सर्टिफिकेट की सरकारी फीस मात्र 900 रुपये और तत्काल फीस 2,000 रुपये है, उसके लिए शिक्षा के मंदिर में बैठा यह शख्स हजारों रुपये की डिमांड कर रहा था। रिश्वतखोर प्रिंसिपल की डिमांड से तंग आकर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो लुधियाना का रुख किया। ब्यूरो की टीम ने शिकायत की सच्चाई परखने के बाद तुरंत जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी प्रिंसिपल ने रिश्वत की अगली किस्त के रूप में 6,000 रुपये पकड़े, विजिलेंस की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में उसे रंगे हाथों दबोच लिया।




इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब, सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड, पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985